भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1381**

जिसका उत्तर सोमवार, 9 फरवरी, 2026/20 माघ, 1947 (शक) को दिया गया

**रुपे किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी)**

1381. श्री योगेन्द्र चांदोलियाः
श्री प्रदीप कुमार सिंहः
डॉ. हेमंत विष्णु सवराः
श्री दिलेश्वर कामैतः
श्री विष्णु दयाल रामः
श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाहः
श्री राजेशभाई नारणभाई चुड़ासमाः
श्री मुकेशकुमार चन्द्रकान्त दलाल:
श्री पी. पी. चौधरीः
श्री दिलीप शइकीयाः
श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालूः
श्री विश्वेश्वर हेगड़े कागेरीः
श्री लुम्बाराम चौधरीः
श्री दुलू महतोः
श्री बलभद्र माझीः
श्री अनुराग शर्माः
श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवालः
श्री मनीष जायसवालः
श्री गोपाल जी ठाकुरः
श्रीमती अपराजिता सारंगीः
श्री चन्द्र प्रकाश जोशी
श्री खगेन मुर्मुः
श्री कौशलेन्द्र कुमारः
डॉ. संबित पात्राः
श्री बिप्लब कुमार देबः
श्री जनार्दन मिश्राः
श्रीमती कमलेश जांगड़ेः
श्री जुगल किशोरः

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2025 के दौरान प्रत्येक राज्य/संघ राज्यक्षेत्र में जारी किए गए नए रुपे किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार विशेष रूप में राजस्थान के पाली लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र तथा जालौर-सिरोही जिलों, ओडिशा के नबरंगपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर और बिहार के दरभंगा जिले के संदर्भ में संख्या कितनी है;

(ख) उक्त कार्डों के अंतर्गत सक्रिय की गई कुल ऋण सीमा कितनी है;

(ग) क्या किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के लाभार्थियों के बीच कृषि उत्पादकता अथवा आय की स्थिरता में वृद्धि तथा अनौपचारिक ऋण स्रोतों पर निर्भरता में कमी के संबंध में कोई साक्ष्य उपलब्ध है;

(घ) यदि हां, तो विशेषकर महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश तथा राजस्थान के संदर्भ में तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या हैं;

(ङ) दिसंबर 2025 तक किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से निष्पादित किए गए डिजिटल लेन-देन की संख्या कितनी है तथा उनमें से प्रत्यक्ष कृषि आदान (इनपुट) की खरीद एवं ऋण अदायगी के लिए किए गए लेन-देन का अनुपात क्या है; और

(च) विगत तीन वर्षों के दौरान महाराष्ट्र के पालघर जिले में जारी किए गए रुपे किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

**(क) और (ख):** संबंधित राज्यों की राज्य स्तरीय बैंकर् समितियों, भारतीय रिजर्व बैंक और नाबार्ड क द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, वर्ष 2025 में प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में जारी किए गए जिला/राज्यवार नए किसान क्रेडिट कार्ड/रुपे किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) और प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में सक्रिय किसान क्रेडिट कार्ड और बकाया राशि क्रमशः अनुबंध-I और II में प्रदान की गई है।

**(ग) और (घ):** किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने और संबंधित संवितरण में विस्तार के साथ-साथ कृषि के लिए जमीनी स्तर पर ऋण प्रवाह में लगातार वृद्धि संस्थागत ऋण तक बेहतर पहुंच को दर्शाती है। यह, बदले में, बेहतर इनपुट उपयोग का समर्थन करता है, चलनिधि प्रतिबंधों को कम करता है, और केसीसी लाभार्थियों की खपत और विपणन आवश्यकताओं को सुविधाजनक बनाता है।

**(ङ):** एनपीसीआई की रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 (31 दिसंबर 2025 तक) में रुपे केसीसी कार्ड के माध्यम से रिपोर्ट किए गए डिजिटल लेनदेन की कुल संख्या 111.17 करोड़ मूल्य के साथ 3.72 लाख है।

**(च):** पिछले तीन वर्ष के दौरान महाराष्ट्र के पालघर जिले में जारी किए गए किसान क्रेडिट कार्डों/रुपे किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) का ब्यौरा अनुबंध-III में दिया गया है।

*****

**अनुबंध-I**

**"रुपे किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी)" के बारे में दिनांक 09.02.2026 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1381 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**वर्ष 2025 के दौरान जारी किए गए किसान क्रेडिट कार्ड/रुपे किसान क्रेडिट कार्ड की राज्य/जिलावार संख्या का ब्यौरा**

**(वास्तविक संख्या और राशि करोड़ रुपये में)**

| **राज्य/जिला** | **वर्ष 2025 में जारी केसीसी** | | **वर्ष 2025 में जारी किए गए रुपे केसीसी** |
|---|---|---|---|
| | **संख्या** | **संवितरित राशि** | **'क'में से, रूपे केसीसी की संख्या** |
| | **क** | **ख** | **ग** |
| राजस्थान | 6283499 | 90284 | 1987855 |
| पाली | 112381 | 1378 | 23177 |
| जालोर | 195174 | 2054 | 47400 |
| सिरोही | 52607 | 670 | 24877 |
| ओडिशा | 3063405 | 19440 | एनए |
| नबरंगपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र | 49406 | 426 | एनए |
| आंध्र प्रदेश | 3446232 | 49676 | 1696506 |
| कर्नाटक | 3910284 | 53720 | 2466259 |
| छत्तीसगढ़* | 1564321 | 12491 | एनए |
| जम्मू और कश्मीर | 55022 | 560 | 55022 |
| बिहार | 922563 | 11448 | 551127 |
| दरभंगा | 36104 | 368 | 5863 |

**स्रोत: संबंधित राज्य स्तरीय बैंकर समितियां (एसएलबीसी)**

एनए: डाटा उपलब्ध नहीं है

*: छत्तीसगढ़ के लिए डाटा 01 अप्रैल 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक है

**अनुबंध-II**

**"रुपे किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी)" पर दिनांक 09.02.2026 को देय लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1381 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**31 दिसंबर 2025 तक ऑपरेटिव केसीसी खातों का विवरण***

**(वास्तविक रूप से खाते, राशि करोड़ रुपये में)**

| राज्य | अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) में रखे गए सक्रिय केसीसी खाते | | क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और ग्रामीण सहकारी बैंकों में रखे गए सक्रिय केसीसी खाते | |
|---|---|---|---|---|
| | संख्या | बकाया राशि | संख्या | बकाया राशि |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 639 | 4 | 8,341 | 19 |
| आंध्र प्रदेश | 20,96,036 | 41883 | 25,54,922 | 26,227 |
| अरुणाचल प्रदेश | 20,989 | 271 | 2,724 | 23 |
| असम | 2,18,429 | 1921 | 2,79,679 | 1,679 |
| बिहार | 4,86,100 | 4312 | 17,72,936 | 12,044 |
| चंडीगढ़ | 739 | 89 | - | - |
| छत्तीसगढ़ | 2,12,804 | 6183 | 17,60,671 | 9,048 |
| दादरा और नगर हवेली और दमन और | 1,202 | 38 | - | - |
| गोवा | 8,004 | 104 | 1,536 | 19 |
| गुजरात | 14,90,286 | 45593 | 17,66,312 | 31,825 |
| हरियाणा | 8,14,791 | 30085 | 15,36,248 | 23,314 |
| हिमाचल प्रदेश | 2,95,446 | 6222 | 2,28,882 | 3,927 |
| जम्मू और कश्मीर | 9,70,864 | 6495 | 1,45,268 | 1,280 |
| झारखंड | 5,45,529 | 2897 | 3,70,801 | 2,651 |
| कर्नाटक | 8,34,943 | 22711 | 49,46,258 | 44,692 |
| केरल | 10,47,605 | 26773 | 12,28,735 | 16,869 |
| लद्दाख | 28,041 | 284 | - | - |
| लक्षद्वीप | 3,375 | 34 | - | - |
| मध्य प्रदेश | 17,72,353 | 52237 | 46,45,071 | 34,757 |
| महाराष्ट्र | 23,21,056 | 40542 | 44,84,034 | 39,369 |
| मणिपुर | 5,878 | 59 | 12,039 | 62 |
| मेघालय | 31,976 | 282 | 59,667 | 372 |
| मिजोरम | 9,260 | 90 | 28,107 | 294 |
| नागालैंड | 35,570 | 249 | 4,597 | 23 |
| राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली | 2,139 | 36 | 8 | 0.15 |
| ओडिशा | 4,85,886 | 4950 | 37,21,708 | 20,553 |
| पुडुचेरी | 10,783 | 265 | 2,961 | 34 |
| पंजाब | 10,07,864 | 38958 | 11,23,969 | 13,419 |
| राजस्थान | 24,09,880 | 71412 | 47,26,494 | 39,774 |
| सिक्किम | 6,726 | 58 | 3,231 | 22 |
| तमिलनाडु | 10,94,897 | 25507 | 26,77,171 | 22,342 |
| तेलंगाना | 22,28,477 | 31447 | 25,16,260 | 20,905 |
| त्रिपुरा | 40,718 | 295 | 1,23,495 | 189 |
| उत्तर प्रदेश | 39,14,403 | 75794 | 65,31,083 | 62,102 |
| उत्तराखंड | 1,88,833 | 4279 | 3,14,151 | 1,546 |
| पश्चिम बंगाल | 8,72,144 | 6187 | 23,89,985 | 8,094 |
| **कुल** | **2,55,14,665** | **5,48,549** | **4,99,67,344** | **4,37,474** |

**स्रोत: आरबीआई और नाबार्ड**

***: डाटा अनंतिम है**

**अनुबंध-III**

**"रुपे किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी)" पर दिनांक 09.02.2026 को देय लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1381 के भाग (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**पिछले तीन वर्ष के दौरान महाराष्ट्र के पालघर जिले में जारी किए गए किसान क्रेडिट कार्ड/रुपे किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) का ब्यौरा**

**(वास्तविक संख्या में, राशि करोड़ रुपये में)**

| वित्तीय वर्ष | जारी केसीसी | | 31 दिसंबर 2025 तक सक्रिय केसीसी खाते | | कुल सक्रिय केसीसी खातों में से, जारी किए गए रुपे केसीसी की कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| | संख्या | वितरित राशि | कुल सक्रिय केसीसी खाते | बकाया राशि | |
| 2023-2024 | 21214 | 193 | 7330 | 60 | 812 |
| 2024-2025 | 23712 | 332 | 12210 | 117 | 8916 |
| 2025-2026 | 18206 | 197 | 42573 | 327 | 41965 |

**स्रोत: एसएलबीसी, महाराष्ट्र**

*****